प्रारुप–11

**परियोजना विवरण :– जनपद नैनीताल मे प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत बरेली–अल्मोड़ा मोटर मार्ग से सिरसा मोटर मार्ग का निर्माण। कि0मी0 1 से 1.75**

## प्रतिवेदन

## (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल ब्लॉक रामगढ़ में बरेली–अल्मोड़ा मोटर मार्ग से सिरसा मोटर मार्ग का निर्माण हेतु वन एवं ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखण्ड के पत्रांक 7760/पी03–14/यू.आर.आर.डी.ए./09 दिनांक 14.12.2009 के तहत 3 कि0मी0 लम्बाई में स्वीकृति प्राप्त हुई है। परन्तु ग्राम वासियों की सहमति के उपरान्त 1.75 कि0मी0 लम्बाई में मार्ग निर्माण प्रस्तावित किया गया है। प्रस्ताव वन भूमि एवं सिविल भूमि में 09 मी0 चौड़ाई में गठित किया है। गठित प्रस्ताव के अन्तर्गत मोटर मार्ग निर्माण हेतु निम्नानुसार वनभूमि वर्गीकृत है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आरक्षित वन भूमि नैनीताल वन प्रभाग | 0.0000 | है0 |
| 2 | वन पंचायत | 0.9212 | है0 |
| 3 | सिविल भूमि | 0.0000 | है0 |
| | **कुल वन भूमि** | **0.9212** | है0 |
| 4 | नाप भूमि | 0.3038 | है0 |

उपरोक्तानुसार भूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव न्यूनतम लम्बाई एवं चौड़ाई में गठित किया गया है। तथा उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य न्यूनतम समरेखण की सम्भावना नहीं है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम सिरसा जिसकी कुल आबादी 481 लाभान्वित होगी, तथा कास्तकारों को फसलें व अन्य सामग्री लाने – ले जाने की सुविधा उपलब्ध होगी। सर्वेक्षण के आधार पर मोटर मार्ग का समरेखण इस प्रकार निर्धारित किया गया है कि मानकों के अनुरूप न्यूनतम वन भूमि प्रभावित हो, तथा मार्ग निर्माण से न्यूनतम वृक्ष प्रभावित हों। मार्ग निर्माण के समय न्यूनतम आवश्यक चौड़ाई (7.00 मी0 में) में ही वृक्षों का पातन किया जायेगा।

अतः प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 10 के अन्तर्गत बरेली मोटर मार्ग से सिरसा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.1844 है0 वन भूमि ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखण्ड / लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड शासन को हस्तानान्तरण हेतु प्रस्ताव गठित कर प्रेषित है।

कनिष्ठ / अपर सहायक अभियन्ता
पी.एम.जी.एस.वाई. खण्ड लो.नि.वि.
काठगोदाम

सहायक अभियन्ता
पी.एम.जी.एस.वाई. खण्ड लो.नि.वि.
काठगोदाम
पी.एम.जी.एस.वाई. खण्ड, लो.नि.वि.
काठगोदाम (नैनीताल)

अधिशासी अभियन्ता
पी.एम.जी.एस.वाई. खण्ड लो.नि.वि.
काठगोदाम
Executive Engineer
P.I.U. (P.M.G.S.Y.) Division
P.W.D. Kathgodam (Nainital)